Asia Floor Wage Alliance

एशिया फ्लोर वेज अलायंस ने ब्रांड जवाबदेही की मांग की, क्योंकि अमरीकी शुल्क (टैरिफ) से परिधान क्षेत्र (गारमेंट सेक्टर) के लाखों वर्करों को खतरा है

जुलाई २०२५

एशिया फ्लोर वेज अलायंस (AFWA), ट्रेड यूनियनों का एक समूह है जो पूरे एशिया में गारमेंट वर्करों के लिए काम करता है। वे उन व्यापार नीतियों के विरोध में एकजुट हैं जो वर्करों को नुकसान पहुँचाती हैं और दुनिया भर में असमानता को और बदतर बनाती हैं। अमरीकी सरकार द्वारा एशिया से परिधान आयात पर हाल ही में लगाए गए शुल्क से लाखों गारमेंट वर्करों की आजीविका खतरे में पड़ गई है, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं हैं जो पहले से ही गरीबी के स्तर का वेतन कमा रही हैं।

शुल्क लगाने से कोविड-19 महामारी के पैमाने पर एक मानवीय संकट पैदा होने का खतरा है - जब वैश्विक ब्रांड अपनी ज़िम्मेदारियों से पीछे हट गए थे - जिससे बड़े पैमाने पर छंटनी, कारखाने बंद, व्यापक वेतन चोरी, और जेंडर आधारित हिंसा और उत्पीड़न में बढ़ोतरी हुई। भू-राजनीतिक चालों की कीमत कपड़ा मज़दूरों को चुकानी पड़ेगी - जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं - जिन्हें बेरोज़गारी और बढ़ती गरीबी का सामना करना पड़ेगा। जबकि ब्रांड लोगों के बजाय मुनाफ़े को प्राथमिकता देना जारी रखते हैं।

AFWA के उप-अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक विरंता गिंटिंग ने कहा, "भू-राजनीतिक संघर्षों में शुल्क को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। हम इस दंडात्मक शुल्क को अस्वीकार करते हैं जिसके गंभीर मानवीय परिणाम होंगे।" "आउटसोर्स किए गए उत्पादन से मुनाफ़ा कमाने वाले ब्रांड शुल्क में बदलावों के कारण फ़ैक्टरियों के बंद होने या बड़े पैमाने पर छंटनी होने पर चुप या बिना कोई कार्यवाही किये नहीं रह सकते।"

एक न्यायसंगत और समतापूर्ण वैश्विक गारमेंट सेक्टर बनाने के लिए, हमने चार मुख्य सिद्धांत प्रस्तुत किए हैं, जो गारमेंट इंडस्ट्री में वैश्विक व्यापार को नया रूप देने के लिए बेस लाइन के रूप में काम करेंगे:

1. शुल्क को हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जाने को अस्वीकार करना

शुल्क सरकार के राजस्व और राजकोषीय क्षमता को बढ़ाने का एक सामान्य साधन है। लेकिन वैश्विक उत्पादन अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, शुल्क के दो अन्य विशिष्ट लक्ष्य हो सकते हैं:

i. उत्पादन को और अधिक निष्पक्ष बनाने और वर्करों को रोज़गार के अधिक अवसर प्रदान करने के लिए उत्पादन का पुनर्गठन।
ii. चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं पर भू-राजनीतिक दंडात्मक उपाय लागू करना।

पहले मामले में, वर्करों के हित में इस तरह के बदलाव के लिए तर्क देना संभव है, जो यह है कि शुल्क वास्तव में परिधान उत्पादन को अमरीका में स्थानांतरित कर सकता है और उस देश में काम करने वाले वर्करों के लिए रोजगार की संभावनाएं पैदा कर सकता है। हालाँकि, आज ऐसा कोई परिदृश्य नहीं है जिससे परिधान उत्पादन को अमरीका में स्थानांतरित करना संभव हो सके। उत्पादन लागत इतनी ज़्यादा होगी कि खुदरा कीमतें परिधान की खपत को अमरीका और दुनिया के किसी भी अन्य स्थान पर उपभोक्ताओं की पहुँच से बाहर कर देंगी। अमरीकी परिधान उद्योग में शुल्क लगाकर कपड़ों के उत्पादन में भारी वृद्धि करना संभव नहीं है। ऐसे शुल्क का केवल एक ही लक्ष्य होगा - अस्पष्ट भू-राजनीतिक लक्ष्यों के लिए सज़ा देने वाले तरीके अपनाना।

AFWA दंडात्मक शुल्कों को अस्वीकार करता है। शुल्क, भू-राजनीतिक संघर्षों से निपटने का हथियार नहीं हो सकते।

2. शुल्क समायोजन (एडजस्टमेंट) आनुपात के अनुसार और न्यायसंगत होना चाहिए

अगर शुल्क लगाए ही जाने हैं, तो वे अनुपात के हिसाब से और न्यायसंगत होने चाहिए। AFWA ऐसी किसी भी शुल्क नीति का विरोध करता है जो व्यापार के मौजूदा वितरण को इस तरह तोड़-मरोड़ देती है कि सेक्टर के कुछ देशों को दूसरों से अधिक महत्व मिलता है। असंगत शुल्क संरचना से एशिया में उत्पादन आधार अस्थिर होने का खतरा है। वास्तव में, वैश्विक उत्पादन नेटवर्क ने विकासशील देशों में औद्योगिक आधार को बढ़ाने का अवसर प्रदान किया, भले ही यह मुख्य रूप से उत्पादन श्रृंखला के निचले स्तरों पर था, जहाँ वर्करों के अधिकारों का पालन कम होता था, जिसके परिणाम स्वरूप कम वेतन वाले रोज़गार मिलते थे।

प्रस्तावित शुल्क वैश्विक उत्पादन नेटवर्क को तोड़-मरोड़ देंगे, जो समावेशी और सतत विकास के इंजन के रूप में काम करते हैं। शुल्क की संरचना वस्तुओं के आधार मूल्य के अनुरूप होनी चाहिए। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अमरीकी बाजार में देशों की वर्तमान हिस्सेदारी बनी रहे या उसमें भारी गिरावट न आए। शुल्क का इस्तेमाल एशियाई गारमेंट वर्करों को अलग करने या उन्हें एक-दूसरे के साथ इस तरह से प्रतिस्पर्धा करने के लिए मज़बूर करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए जिससे दोनों पक्षों को नुकसान हो।

व्यापार की स्थिरता बनाए रखने के लिए, यह ज़रूरी है कि वर्कर एकजुट हों और सेक्टर में श्रम के सामूहिक मूल्य पर सहमत हों।

3. शुल्क से प्राप्त धन को वर्करों की सामाजिक सुरक्षा में लगाया जाए।

विनिर्माण (मैनुफेक्चरिंग) सेक्टर में गारमेंट वर्करों को सबसे कम वेतन मिलता है, और वैश्विक बाज़ार के लिए ज़्यादातर कपड़े एशिया में ही बनते हैं। एशिया में सबसे ज़्यादा कामकाजी गरीब लोग रहते हैं। गरीबी वाले स्तर के वेतन के कारण महिला गारमेंट वर्करों को गुज़ारा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

अमरीकी सरकार द्वारा लगाए गए शुल्क उनके राजस्व में वृद्धि करेंगे। लेकिन ये वैश्विक उत्पादन नेटवर्क पर एक तरह का कर (टैक्स) लगाना भी है और इन्हें इसी रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। निष्पक्षता के नाम पर, AFWA चाहता है कि कपड़ों की वैश्विक आपूर्ति लाइनों पर टैक्स लगाने से अमरीकी सरकार को मिलने वाली शुल्क राशि का न्यायसंगत बंटवारा हो। शुल्क से मिलने वाली **धन राशि का कम से कम 50%** गारमेंट वर्करों के लिए एक **सामाजिक सुरक्षा कोष** के रूप में उत्पादक देशों के साथ साझा किया जाना चाहिए। यह दंडात्मक शुल्क के विनाशकारी प्रभाव को कम करने में एक मददगार साबित होगा। यह कोष शुल्क से जुड़े परेशानियों के कारण छंटनी, कारखानों के बंद होने या उत्पादन में बदलाव की स्थिति में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगा।

इसके अलावा, व्यापार व्यवस्थाओं को द्विपक्षीय समझौतों में इसे संस्थागत बनाना चाहिए और सरकारों को इस सामाजिक सुरक्षा कोष के निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए।

4. वर्कर मुआवजे के लिए ब्रांडों को जवाबदेह बनाना:

जब ब्रांड आपूर्तिकर्ता (सप्लायर) कारखानों से हटते हैं, तो इसका असर तुरंत होता है और वर्करों के लिए विनाशकारी होता है। बिना किसी चेतावनी या आय के कोई स्रोत दिए, सभी काम करने वालों को नौकरी से निकाल दिया जाता है। वैश्विक परिधान आपूर्ति श्रृंखला में, ये कदम एक सामान्य पैटर्न का हिस्सा हैं जिसमें ब्रांड खुद तो जोखिम लेने से बचने की कोशिश करते हैं और वर्करों को परिणामों से निपटना पड़ता है।

कोविड-19 संकट के दौरान हमने इसे साफ़ तौर पर देखा: ब्रांडों ने रातोंरात ऑर्डर रद्द कर दिए और परिधान उत्पादन करने वाले देशों में सप्लाइ करने वाले कारखानों को बंद कर दिया। लाखों वर्करों – जिनमें ज़्यादातर महिलाएं थीं – उन्हें बिना वेतन, बरख़ास्तगी भत्ता या किसी भी प्रकार की सहायता के छोड़ दिया

गया। शुल्क के कारण ब्रांड के बाहर जाने से अब इसी तरह की हानि की लहर फैलने का खतरा है - जब तक कि तुरंत सुरक्षा उपाय नहीं किए जाते।

किसी भी ब्रांड को एशिया ब्रांड बार्गेनिंग ग्रुप (एबीबीजी) – AFWA की क्षेत्रीय मोल-तोल (बार्गेनिंग) करने वाली संस्था – के साथ बातचीत किए बिना किसी कारखाने से बाहर नहीं निकलना चाहिए। यहाँ दो तरह की बातें हो सकती हैं:

i. जब किसी ब्रांड के बंद होने से **पूरी फैक्ट्री बंद हो जाती है**, तो वर्करों को उन्होंने जितने साल काम किया है उतने सालों के लिए पूरा मुआवज़ा दिया जाना चाहिए और उन्हें अचानक बेरोज़गारी का सामना करने के लिए नहीं छोड़ देना चाहिए। मुआवज़ा समय पर, पारदर्शी और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होना चाहिए और ब्रांड द्वारा सप्लाइ करने वाले देशों और भुगतान कंपनियों के साथ उनके व्यापार के स्तर के अनुपात में किया जाना चाहिए।

ii. ऐसे मामलों में जहाँ **फैक्ट्री आंशिक रूप से बंद होती है** – जिसके परिणाम स्वरूप छंटनी, काम के घंटे कम हो गए हैं, या वेतन में कटौती हुई है – वर्करों को भी सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। कम ऑर्डर के कारण अस्थायी छंटनी का सामना कर रहे वर्करों को छंटनी की पूरी अवधि के दौरान उनके नियमित वेतन का कम से कम 75% मुआवज़ा मिलना चाहिए। यदि ये अस्थायी छंटनी स्थायी हो जाती है, तो पूर्ण बंदी मुआवज़ा भी दिया जाना चाहिए।

हर स्थिति में, बर्खास्त होने वाले सभी वर्करों को फिर से काम पर रखना एक अनिवार्य शर्त है। यह सुनिश्चित करना ब्रांडों की सीधी ज़िम्मेदारी है कि शुल्क से जुड़े सोर्सिंग फ़ैसलों के कारण पैदा होने वाली परेशानियाँ यूनियनों या वर्करों के अधिकारों को कमज़ोर करने का कारण न बनें। गारमेंट वर्करों को कभी भी बेकार नहीं समझा जाना चाहिए।

निष्पक्ष, संतुलित और दीर्घकालिक आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए, वर्करों को एक व्यापारिक दृष्टिकोण अपनाने की ज़रूरत है। उन्हें सभी प्रकार के व्यापारिक अन्याय से लड़ने के लिए मिलकर काम करने की भी ज़रूरत है। इस दृष्टिकोण को अपनाने के लिए दो सिद्धान्त हैं:

i. सभी देशों के बीच औद्योगिक आधार का संतुलित विकास,

ii. वैश्विक उत्पादन नेटवर्क पर कर लगाने से प्राप्त होने वाले धन को विभाजित करने का एक उचित और दीर्घकालिक तरीका।

हम शोषण पर आधारित वैश्विक व्यापार ढाँचे को अस्वीकार करते हैं, जो ब्रांडों को अरबों का फायदा देता है, जबकि वर्करों को – जो ज़्यादातर महिलाएं हैं – को गरीबी और कर्ज में धकेलता है। अब समय आ गया है कि वैश्विक व्यापार के नियमों को बदला जाए ताकि वर्करों को प्राथमिकता दी जाए, न कि केवल कुछ लोगों के लिए पैसा कमाया जाए। वैश्विक परिधान उद्योग को न्याय, समानता और जवाबदेही पर आधारित होना चाहिए।

ब्रांडों को कम वेतन वाले श्रम से लाभ कमाने और फिर संकट आने पर गायब हो जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सरकारों को मानव जीवन की कीमत पर व्यापार को हथियार नहीं बनाना चाहिए। हम चाहते हैं कि दुनिया भर का श्रमिक आंदोलन एशिया के श्रमिक आंदोलन में शामिल हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब श्रमिक वर्ग के एक हिस्से पर हमला होता है, तो पूरा वर्ग ख़तरे में पड़ जाता है। हम ब्रांडों को सख्त नियमों का पालन करवाकर, व्यापार लाभ वर्करों को देकर और अनुचित व्यापार के खिलाफ एकजुट होकर जवाबी कार्यवाही करेंगे। इससे कम कुछ भी करना विश्वासघात है। इससे कम कुछ भी मिलीभगत होने के बराबर है।